# NCERT SOLUTIONS

## CLASS - 7th



aglasem.com

Class : 7th

Subject : हिन्दी

Chapter : 7

Chapter-Name : पापा खो गए

Q1 नाटक में आपको सबसे बुद्धिमान पात्र कौन लगा और क्यों ?

Answer. नाटक में सबसे बुद्धिमान पात्र मुझे कौआ लगा क्योंकि वह घूम -घूम कर सब को खबर देता है और उसके पास हर जगह का समाचार रहता है। उसने ही लड़की के पापा को खोजने का उपाय बताया। उसी की योजना के कारण लेटरबक्स संदेश लिख पाता है ।वही दुष्ट व्यक्ति से बच्ची को बचाता है। और उसे सही सलामत घर पहुँचाने की तरकीब भी वही सोचता है।

Page : 60 , Block Name : नाटक से

Q2 पेड़ और खंभे में दोस्ती कैसे हुई ?

Answer. शुरू- शुरू में अपनी अकड़ के कारण खंभा पेड़ से नहीं बोलता था।

एक बार जोरों की आंधी आने के कारण खंभा पेड़ के ऊपर गिर जाता है , पर पेड़ ने सरलता दिखाते हुए खंभे को कुछ नहीं कहा। इस घटना से खंभे में जो गुरूर होता है, वह खत्म हो जाता है और अंत में दोनों की दोस्ती हो जाती है ।

Page : 60 , Block Name : नाटक से

Q3 लेटर बॉक्स को सभी लाला ताऊ कहकर क्यों पुकारते थे ?

Answer. लेटर बॉक्स ऊपर से नीचे पूरा लाल रंग से रंगा था साथ ही वह बड़ों की तरह बातें भी करता था इसलिए सभी उसे लाल ताऊ कह कर पुकारते थे ।

Page : 60 , Block Name : नाटक से

Q4 लाल ताऊ किस प्रकार बाकी पत्रों से भिन्न है?

Answer. लाल ताऊ को पढ़ना लिखना आता है, वह चल भी सकता है और नाच भी लेता है इसीलिए वह नाटक के अन्य पात्रों से भिन्न है। उसे दोहे भजन भी गाना आता है।

Page : 60 , Block Name : नाटक से

Q5 नाटक में बच्ची को बचाने वाले पात्रों में एक ही सजीव पात्र हैं ।उसकी कौन-कौन सी बातें आपको मजेदार लगी? लिखिए ।

Answer. नाटक में बच्ची को बचाने वाला पत्रों में एक ही सजीव पात्र कौआ है। उसके कुछ मजेदार बातें हैं “ताऊ एक जगह बैठकर यह कैसे जान सकोगे? उसके लिए तो मेरी तरह चारों दिशाओ में गश्त लगानी

aglasem.com

पड़ेगी, तब जान पाओगे यह सब।"" वह दुष्ट कौन है? पहले उसे नजर आने दीजिए।" " सुबह जब हो जाए तो पेड़ राजा ,आप अपनी धनी छाया इस पर किये रहे । वह आराम से देर तक सोई रहेगी। जब उसकी ताऊ के भजनों से नींद खराब होती है और चिढ़कर ताऊ से बोलना मजेदार लगता है।

Page : 60 , Block Name : नाटक से

Q6 क्या वजह थी कि सभी पात्र मिलकर भी लड़की को उसके घर नहीं पहुंचा पा रहे थे?

Answer.

सभी पात्र मिलकर भी लड़की को उसके घर पर नहीं पहुंचा पा रहे थे क्योंकि लड़की बहुत छोटी थी उसे अपने घर का पता यहां तक कि अपने पापा के नाम भी मालूम नहीं था जिस कारण उसे घर पहुंचाना बहुत कठिन था।

Page : 60 Block Name : नाटक से

aglasem.com

Q1 मराठी से अनूदित इस नाटक का शीर्षक' पापा खो गए 'क्यों रखा गया होगा? अगर आपके मन में कोई दूसरा शीर्षक हो तो सुझाइए और साथ में कारण बताइए।

Answer.

इस एकांकी को शीर्षक' पापा खो गए' इसीलिए रखा गया ,क्योंकि लड़की बहुत छोटी थी जो अपने घर का पता और पिता का नाम मालूम न था।। इस अनोखे शिक्षक के द्वारा ही लोग और पुलिस आकर्षित होकर उस लड़की को उसके घर पहुंचाने की कोशिश करेंगे । इसका अन्य शीर्षक 'गुमशुदा बच्ची 'रखा जा सकता है, क्योंकि एकांकी में पापा नहीं बच्ची ही खोई थी।

Page : 61 , Block Name : नाटक से आगे

Q2 क्या आप बच्ची के पापा को खोजने का नाटक से अलग कोई और तरीका बता सकते है ?

Answer.

बच्ची के पापा को खोजने का अन्य साधन जैसे पहला पुलिस में रिपोर्ट लिखवा कर के और दूसरा समाचार पत्रों में उसकी फोटो को गुमशुदा के विज्ञापन के साथ,रेडियो,टीवी पर तथा सोशल मीडिया पर उसकी गुमशुदगी का प्रचार कर के पोस्टरों में या दूर दर्शन पर उसका चित्र दिखाकर उसके पापा को खोजा जा सकता है ।

Page : 61 , Block Name : नाटक से आगे

Q3 क्या आप बच्ची के पापा को खोजने का नाटक से अलग कोई और तरीका बता सकते है ?

Answer. बच्ची अपनी आयु के अनुसार अपने पिता को खोजने के लिए काफी परिश्रम कर रही थी। परन्तु इस कार्य को सफल बनाने में सरकारी तथा सामाजिक सहायता ली जा सकती है जैसे - पुलिस में शिकायत दर्ज करना या समाचार पत्रों के द्वारा गुमशुदगी की सूचना प्रसारित करना

Page : 61 ,  Block Name : नाटक से आगे

Q1. अनुमान लगाइए कि जिस समय बच्ची को चोर ने उठाया होगा वह किस स्थिति में होगी? क्या वह पार्क/मैदान में खेल रही होगी या घर से रूठकर भाग गई होगी या कोई अन्य कारण होगा?

Answer:

नाटक को पढ़कर पता लगता है कि बच्ची घर पर गहरी नींद में सो रही थी।यदि वह पार्क या मैदान से उठाई होती तो वह चीखती। पर नाटक में ऐसी कोई घटना का वर्णन नहीं है।

Page : 61 ,  Block Name : नाटक से आगे

Q2. नाटक मे दिखाई गई घटना को ध्यान में रखते हुए यह भी बताइए कि अपनी सुरझा के लिए आजकल बच्चे क्या-क्या कर सकते है? संकेत के रूप में नीचे कुछ उपाय सुझाए जा रहे है। आप इससे अलग कुछ और उपाय लिखिए।

- समूह में चलना।
- एकजुट होकर बच्चा उठाने वालों या ऐसी घटनाओं का बिरोध करना।
- अनजान व्यक्तियों से सावधानी पूर्वक मिलना।

Answer:

1) बच्चे को अकेले कहीं नहीं जाना चाहिए।हमेशा अपने माता - पिता के साथ जाना चाहिए।

2) किसी अनजान व्यक्ति से खाना - पिना का कोई समान नहीं लेना चाहिए।

3) अगर कोई व्यक्ति  किसी तरह किसी तरह की ज़बरदस्ती करें तो उसका विरोध करना चाहिए।

4)चीख कर या चिल्ला कर लोगों की सहायता मांगनी चाहिए।

aglasem.com

Page : 61 ,  Block Name : नाटक से आगे

Q1. आपने देखा होगा कि नाटक के बीच-बीच में कुछ निर्देश दिए गए है। ऐसे निर्देशों से नाटक के दृश्य स्पष्ट होते हैं, जिन्हें नाटक खेलते हुए मंच पर दिखाया जाता है, जैसे - 'सड़क/रात का समय...दूर कहीं कुत्तों के भौंकने की आवाज़।' यदि आपको रात का दृश्य मंच पर दिखाना हो तो क्या-क्या करेंगे, सोचकर लिखिए।

Answer. रात का दृश्य मंच पर दिखाने के लिए अंधकार फैला कर हलकी रोशनी कर सकते है, तारों और चाँद को दिखाया जा सकता है और कुत्ते की भौंकने की आवाज़े भी उत्तपन की जा सकती है।

Page : 61 ,  Block Name : भाषा की बात

Q2. पाठ को पढ़ते हुए आपका ध्यान कई तरह के विराम चिह्नों की ओर गया होगा। अगले पृष्ठ पर दिए गए अंश से विराम चिह्नों को हटा दिया गया है। ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा उपयुक्त चिहन लगाइए-

मुझ पर भी एक रात आसमान से गड़गड़ाती बिजली आकर पड़ी थी अरे बाप रे वो बिजली थी आफ़त याद आते ही अब भी दिल धक-धक करने लगता है और बिजली जहाँ गिरी थी वहाँ खड्डा कितना गहरा पड़ गया था खंभे महाराज अब जब कभी बारिश होती है तो मुझे उस रात की याद हो आती है, अंग थरथर काँपने लगते हैं

Answer. मुझ पर भी एक रात आसमान से गड़गड़ाती बिजली आकर पड़ी थ। अरे, बाप रे !वो बिजली थी आफ़त! याद आते ही अब भी दिल धक-धक करने लगता है और बिजली जहाँ गिरी थी वहाँ खड्डा कितना गहरा पड़ गया था, खंभे महाराज! अब जब कभी बारिश होती है। तो मुझे उस रात की याद हो आती है, अंग थरथर काँपने लगते हैं।

Page : 61 , Block Name : भाषा की बात

Q3. आसपास की निर्जीव चीज़ों को ध्यान में रखकर कुछ संवाद लिखिए, जैसे-

चॉक का ब्लैक बोर्ड से संवाद

कलम का कॉपी से संवाद

खिड़की का दरवाज़े से संवाद

Answer:

छत का फ़र्श से संवाद

कुर्सी का मेज से संवाद

Page : 62 , Block Name : भाषा की बात

Q4. उपयुक्त में से दस-पंद्रह संवादों को चुनें, उनके साथ दृश्यों की कल्पना करें और एक छोटा सा नाटक लिखने का प्रयास करें। इस काम में अपने शिक्षक से सहयोग लें।

Answer.

'छात्र स्वंय करे'

Page : 62 , Block Name : भाषा की बात

aglasem.com